an>

title: Issue regarding deletion of sikh religion column in population census in Pakistan.

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब) : स्पीकर मैडम, मैं आपके माध्यम से एक बहुत ही गंभीर और महत्वपूर्ण विषय सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं।

भले ही सिख धर्म का ओरिजिन देश के पंजाब प्रदेश में हुआ। खुशकिस्मती से यह मेरी कांस्टीच्युएंसी श्री आनंदपुर साहब में हुआ। आप जानते हैं कि सिखों ने अपने पहनावे, शक्ल-सूरत और सख्त मेहनत के कारण देश और दुनिया भर में अपनी पहचान और सत्कार बनाया हुआ है। कनाडा जैसे देश में तो 4 मंत्री भी बने हुए हैं। मुझे दुःख से कहना पड़ता है कि हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान में 20 हजार से ज्यादा सिख रहते हैं। वहां जनगणना हो रही है। जनगणना में, पहली बार हिस्ट्री में सिख धर्म का कॉलम ही डिलीट कर दिया।

वहां एक साजिश के तहत ऐसे हो रहा है। दुनियाभर के सिख बहुत सहमे हुए हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि इस ईशू को डिप्लोमैटिक लैवल पर लिया जाए ताकि ऐसी कोई वारदात न हो। इसे गंभीरता से लिया जाए ताकि सिखों की भावनाओं को जो चोट लगी है, उसे बचाया जा सके। मैं मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि इस ईशू को जल्दी से जल्दी लिया जाए।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।